17. $k$ का वह शून्येत्तर मान ज्ञात कीजिए, जिसके लिए द्विघात समीकरण $kx^2+1-2(k-1)x+x^2=0$ के मूल समान हों। अतः समीकरण के मूल भी ज्ञात कीजिए।

Find that non-zero value of $k$, for which the quadratic equation $kx^2+1-2(k-1)x+x^2=0$ has equal roots. Hence find the roots of the equation.

18. एक ताश की गड्डी में से सभी लाल रंग के तस्वीर वाले पत्ते निकाल दिए गए। शेष पत्तों को अच्छी प्रकार फेंटने के बाद, उनमें से यादृच्छया एक पत्ता निकाला गया। प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि निकाला गया पत्ता

(i) लाल रंग का हो

(ii) तस्वीर वाला पत्ता हो

(iii) चिड़ी का पत्ता हो

All red face cards are removed from a pack of playing cards. The remaining cards were well shuffled and then a card is drawn at random from them. Find the probability that the drawn card is

(i) a red card

(ii) a face card

(iii) a card of clubs

19. एक त्रिभुज PQR का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसमें Q(3,2) है तथा Q से होकर जाने वाली भुजाओं के मध्य-बिन्दु (2,–1) तथा (1,2) हैं।

Find the area of the triangle PQR with Q(3,2) and the mid-points of the sides through Q being (2,–1) and (1,2).

20. एक समान्तर श्रेढ़ी के प्रथम $n$ पदों का योग $S_n$ है तो सिद्ध कीजिए कि $S_{30}=3[S_{20}-S_{10}]$

If $S_n$ denotes the sum of first $n$ terms of an A.P., prove that $S_{30}=3[S_{20}-S_{10}]$

